मेरा सांवरा सबको देता खुशी से भजन लिरिक्स

मेरा सांवरा सबको देता खुशी से,
दातार ऐसा है ये कहे ना किसी से,
मेरा साँवरा देता सबको खुशी से।bd।

तर्ज – नहीं चाहिए दिल दुखाना।

किसको क्या देता है मेरा श्याम जानता,
भक्तो को पल में अपने पहचानता,
खुश होता श्याम मेरा सबकी हँसी से,
मेरा साँवरा देता सबको खुशी से।bd।

खुशी खुशी कृष्णा को शीश दिया है,
बदले में इसने उनसे कुछ ना लिया है,
दानी कहलाया मेरा बाबा तभी से,
मेरा साँवरा देता सबको खुशी से।bd।

खाटू में ऐसा धाम बनाया,
दर से किसी को ना खाली लौटाया,
इसीलिए 'श्याम' को भरोसा इसी से,
मेरा साँवरा देता सबको खुशी से।bd।

मेरा सांवरा सबको देता खुशी से,
दातार ऐसा है ये कहे ना किसी से,
मेरा साँवरा देता सबको खुशी से।bd।

Singer – Saket Bairoliya

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com